# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

## चेतावनी

1. एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन निर्धारित तिथि 13.12.2024 को एकल पाली में 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। 11:00 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
2. अभ्यर्थियों को अतिरिक्त e-admit card लेकर उपस्थित होना है, जिसे परीक्षा अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है।
3. प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) में दिये गये अनुदेशों को अवश्य पढ़ लें।
4. परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर–पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर–पुस्तिका पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में सभी पृष्ठ मुद्रित है और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर–पुस्तिका में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर–पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर गोला भरने से पहले तत्काल इसके बदले इसी श्रृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ॰एम॰आर॰ पत्रिका ले लें।
5. अपना अनुक्रमांक शुद्ध रूप से लिखेंगे एवं कूटबद्ध करेंगे।
6. ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) को भरने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें।
7. ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) में पेंसिल का प्रयोग नहीं करेंगे।
8. ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) पर एक बार अंकित किये गये उत्तर को बदलने के लिए मार्कर या व्हाईट फ्लूइड या ब्लेड या इरेजर का प्रयोग नहीं करेंगे।
9. ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) के गोलों को भरने के लिए किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।
10. उम्मीदवार ओ॰एम॰आर॰ सीट (उत्तर–पत्रक) में निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में अवश्य करें एवं Invigilator से भी हस्ताक्षर अवश्य करा लें।
11. कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, गैजेट इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/Smart) आदि जैसी इलेक्ट्रोनिक सामग्री तथा Whitener/Blade/Eraser आदि परीक्षा केन्द्र में ले जाना वर्जित है।
12. परीक्षा में सभी अभ्यर्थियों का Biometric एवं Facial Recognition किया जाना है। अभ्यर्थी उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलेंगे।
13. उपर्युक्त अनुदेशों के उल्लंघन करने अथवा किसी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। वैसे उम्मीदवारों के उम्मीदवारी के सम्बन्ध में आयोग कोई भी कार्रवाई/निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

9/12/24

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।